RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 22 अगस्त 2022 | वर्ष 04 | अंक 110 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# AAP में शामिल हुए ओबीसी नेता हरिभाऊ राठौड़...



राज्य के लोग बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, सीबीआई, ईडी, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के दुरुपयोग, सत्ता प्रतिष्ठान की राजनीति से तंग आ चुके हैं और वे आम पार्टी को एक व्यवहार्य राजनीतिक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। जहां जनता के कई अहम मुद्दे लंबित हैं वहीं स्थापित दल एक दूसरे पर कीचड़ उछालने में लगे हैं. महाराष्ट्र में, सरकार मराठों, ओबीसी, पिछड़ा वर्ग को बढ़ावा देने में आरक्षण के मुद्दे को हल करने में विफल रही है। इस तरह आप का दिल्ली और पंजाब मॉडल चर्चा का विषय बन गया है। (ओबीसी नेता हरिभाऊ राठोड़ अअढ में शामिल) दिल्ली सरकार की शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली, महिला पेंशन योजना, शिक्षित बेरोजगारों के लिए मासिक भत्ता, इस योजना की चर्चा और सराहना आने वाले समय में पूरे देश में हो रही है पंचायत समिति, जिला परिषद , नगर पालिका, नगर निगम स्वशासी निकाय का चुनाव पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। जनता स्थापित पार्टी से नाराज है और राज्य के कई बहुजन और ओबीसी नेता और कार्यकर्ता जनता को एक सक्षम राजनीतिक दल का विकल्प देने के लिए आम आदमी पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। इसकी शुरूआत राष्ट्रीय ओबीसी नेता और पूर्व सांसद हरिभाऊ राठौड़ के साथ-साथ सेवानिवृत्त एसीपी धनराज वंजारी और यवतमाल के व्हाइट टाइगर अमन भाई के दिल्ली में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री माननीय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंदजी केजरीवाल द्वारा की गई घोषणा के साथ हुई।

# माहिम के शाहू नगर में 35 वर्षीय महिला... !

## प्रेमी पर व्यभिचार का मामला दर्ज... !



**मुंबई :** शाहू नगर पुलिस ने एक 35 वर्षीय महिला और उसके प्रेमी के खिलाफ माहिम में उनके घर पर नौ वर्षीय बेटे के साथ कथित रूप से यौन संबंध बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में कहा गया है कि प्रेमी ने बच्चे के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की, जबकि मां ने उसे प्रोत्साहित किया। इस मामले में पुलिस अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। पुलिस के अनुसार घटना इस साल मार्च से पहले की है जब पीड़िता के पिता घर से बाहर थे और बच्चा अपनी मां और प्रेमी के साथ था। पिता के बयान के अनुसार उसके बेटे ने उसे बताया कि उसने दोनों को संभोग करते देखा है। पुलिस ने कहा कि बच्चे को देख कर पता चला कि प्रेमी ने कथित तौर पर उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने की कोशिश की। महिला कुछ महीने पहले अपने पति को छोड़कर अपने दो बच्चों के साथ पश्चिम बंगाल चली गई थी। उनका नौ साल का बेटा अपने पिता के पास ही रहा। इस दौरान बच्चे ने अपने पिता को घटना के बारे में बताया। 13 अगस्त को पिता ने शाहू नगर पुलिस को लिखित शिकायत की और पुलिस ने मामला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को निर्दिष्ट दिया। समिति ने तब लड़के को विश्वास में लिया और उसका विस्तृत बयान लिया और तदनुसार पुलिस को अपराध दर्ज करने का आदेश दिया। शिकायत के आधार पर, शाहू नगर पुलिस ने गुरुवार को धारा 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध), 511 (कारावास से दंडनीय अपराध करने का प्रयास) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत अपराध दर्ज किया।

## नालासोपारा में ड्रग पेडलर्स के खिलाफ आवाज उठाने पर चार-पांच अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**नालासोपारा :** नालासोपारा में शुक्रवार की रात एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता पर चार-पांच अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने की दिल दहला देने वाली घटना में धारा 326, 452 और 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है.तुलिंज थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबली के अनुसार हमलावर अरुण श्रीवास्तव के कार्यालय में घुसे और उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. इस हमले में उनके हाथ और सिर में चोट आई है। उसे सरस्वती अस्पताल ले जाया गया जहां वह स्वस्थ हो रहा है, अधिकारी ने कहा कि वह किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं है, लेकिन ड्रग पेडलर्स के खिलाफ आवाज उठाई, जो हमले का कारण हो सकता है। अपराधियों की पहचान सोनू, अमित और उसके दोस्तों के रूप में हुई है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि तुलिंज अपराध शाखा की एक टीम आरोपियों को ट्रैक कर रही है और जल्द ही वे सलाखों के पीछे होंगे।

# डीसीपी स्कॉट ने कल्याण में 25 लाख के गुटखा के साथ 3 लोगों को किया गिरफ्तार

**कल्याण :** सेहत के लिए हानिकारक प्रतिबंधित गुटखा की तस्करी जोरों से हो रही और गुटखा के खरीद फरोख्त का गोरखधंधा जोरों से चल रहा है। कल्याण में डीसीपी स्कॉड ने गुटखा की तस्करी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक कंटेनर में 25 लाख रुपए का गुटखा जब्त किया है। पुलिस अब इस गुटखा के असली मालिक और तस्करी सरगना की तलाश कर रही है। जप्त किया गया गुटखा कर्नाटक से उल्हासनगर जा रहा था। कल्याण-डोंबिवली और उल्हासनगर और अंबरनाथ बदलापुर समेत अन्य इलाकों में भी इसकी खुलेआम बिक्री होती है। कल्याण डोंबिवली में पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर गुटखा जब्त कर कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। लेकिन देखा जा सकता है कि यह कारोबार अभी भी जारी है। शनिवार की रात कल्याण डीसीपी स्कॉट के पुलिस कर्मियों संजय पाटिल और ऋषिकेश भालेराव को गांधारी रोड पर गुटखा कंटेनर आने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर डीसीपी स्कोड और खड़कपाड़ा पुलिस ने गांधारी रोड पर जाल बिछाया और भिवंडी पड़घा के रास्ते कल्याण में आ रहे गुटखा के एक कंटेनर को पुलिस ने रोका और तलाशी लेने पर उस कंटेनर में गुटखा पाया गया।



जप्त किए गए गुटखा की बाजार कीमत 25 लाख रुपए है। पुलिस ने इस गुटखा की तस्करी करने वाले कंटेनर चालक मशक इनामदार को गिरफ्तार किया है। वह कर्नाटक का मूल निवासी हैं।

### कर्नाटक से उल्हासनगर लाया जा रहा था गुटखा

उसके साथ उल्हासनगर के रहने वाले लव साहनी और प्रेमचंद वाथोर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस मामले में रजनीकांत गायकवाड़ की तलाश कर रही है। प्रारंभिक जानकारी यह मिली है कि यह गुटखा कर्नाटक से उल्हासनगर लाया जा रहा था। यह गुटखा कौन खरीदने वाला था? पुलिस अब इस बात की तलाश कर रही है कि इसकी तस्करी कौन कर रहा है। असली तस्कर सरगना कौन हैं।

# एनसीबी ने अंतरराज्यीय ड्रग कार्टेल का किया भंडाफोड...!

## कोडीन आधारित कफ सिरप की कर रहे थे अवैध तस्करी

**मुंबई :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई ने ड्रग तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एनसीबी के अधिकारियों ने बताया कि अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी कर रहे थे। यह गिरोह कई राज्यों में सक्रिय है। एनसीबी अधिकारियों के मुताबिक, उनके पास से 50 लाख रुपये मूल्य की कुल 13,248 अवैध सीबीसीएस बोतलें जब्त की गई हैं। गिरोह के सरगना समेत पांच तस्करों को पकड़ा गया है। उनसे पूछताछ जारी है।

एनसीबी ने बताया, एक गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को कार्टेल के खिलाफ एक अभियान शुरू किया था। इस दौरान लगातार सिंडिकेट के सदस्यों, उनकी भूमिकाओं, कार्यप्रणाली पर नजर रखी जा रही थी। अधिकारियों ने



बताया, छापेमारी के दौरान जब्त की कई खेप उत्तर प्रदेश के वाराणसी भेजी जा रही थी। नकली पते और जाली दस्तावेजों के आधार पर यह खेप मुगलसराय से पुणे में बुक की गई थी। अधिकारियों ने बताया, यह खेप पुणे रेलवे स्टेशन से प्राप्त की जा रही थी और फिर विभिन्न स्थानों पर स्थानीय तस्करों और पेडलरों को मुंबई भेजी जा रही थी। अधिकारियों ने बताया, गिरोह का सरगना मुंबई में कई मेडिकल स्टोर का मालिक है। कथित तौर पर यही पूरे नेटवर्क को चला रहा था। इस सिंडिकेट के अधिकांश सदस्य उसके नाम, चेहरे और स्थान के बारे में अनजान थे।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : सोमवार 22 अगस्त 2022



संपादकीय, लेख...!

# छापों के निहितार्थ



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग की कथित अनियमितता ने सीबीआई को मौका दे दिया है और आमतौर पर पाक दामन होने का मजबूत दावा करने वाले उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया निशाने पर आ गए हैं। सीबीआई ने उनके घर और कम से कम सात राज्यों के 21 ठिकानों पर छापे मारे हैं और मंत्री समेत 15 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साफ है, यह छापेमारी नई आबकारी नीति व निर्णय से संबंधित है, लेकिन वास्तव में आरोपों में कितना दम है, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। यह हम अच्छी तरह से जानते हैं कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार और उप-राज्यपाल के बीच लंबे समय से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। वर्तमान उप-राज्यपाल वी के सक्सेना ने पिछले दिनों मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। बताया जाता है, उन्होंने यह सिफारिश मुख्य सचिव की रिपोर्ट मिलने के बाद की थी। शिक्षा मंत्री सिसोदिया के पास आबकारी विभाग भी है और इस नाते वह फिलहाल मुसीबत में दिख रहे हैं। हालांकि, गौर करने वाली बात यह है कि छापे के बाद पहली प्रतिक्रिया सिसोदिया के अनुकूल ही गई है। आमतौर पर जब छापे पड़ते हैं, तो निशाने पर आए व्यक्ति को मुंह छिपाते हुए या अपने प्रतिद्वंद्वी पर तीखे आरोप लगाते देखा जाता है। इस बार हुआ यह है कि छापेमारी की जानकारी स्वयं सिसोदिया ने दी है और साथ ही यह भी कहा कि ह्यहम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है, उसे इस तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नंबर-1 नहीं बन पाया।ह्ल सिसोदिया के इस कटाक्ष के निहितार्थ को समझने की कोशिश करनी चाहिए। हो सकता है कि सीबीआई की कार्रवाई तथ्यों पर आधारित हो, लेकिन कोई इस बात से भी इनकार नहीं कर सकता कि सीबीआई से पहले अनेक मामलों में गलतियां भी हुई हैं। सीबीआई को पूरी तैयारी और पुख्ता साक्ष्यों के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए। वह एक स्वतंत्र एजेंसी है और चाहे, तो वाकई दूध का दूध और पानी का पानी कर सकती है। लोगों को उससे यही उम्मीद भी रहती है। वैसे भी, भारत में आबकारी एक ऐसा विभाग है, जिसे लेकर शुरू से शिकायतें रही हैं। जिस तरह की कथित शिकायत दिल्ली सरकार में मिली है, क्या वैसी ही शिकायत दूसरे राज्यों में नहीं होगी? क्या सीबीआई ने आबकारी विभाग से जुड़ी ऐसी किसी जांच को अंजाम तक पहुंचाया है? ऐसे सवाल बहुत उठेंगे और इस मामले में सीबीआई के अकाट्य जवाबों का इंतजार भी रहेगा।

*इस बार हुआ यह है कि छापेमारी की जानकारी स्वयं सिसोदिया ने दी है और साथ ही यह भी कहा कि ह्यहम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है, उसे इस तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नंबर-1 नहीं बन पाया।ह्ल सिसोदिया के इस कटाक्ष के निहितार्थ को समझने की कोशिश करनी चाहिए।*

कानून-कायदे से अलग देखें, तो राजनीति के मोर्चों पर भी आरोपों-प्रत्यारोपों की खूब रौनक हो गई है। उसके विस्तार में जाने के बजाय हमें यह देखना चाहिए कि आम जन की भावना किधर है? आम आदमी पार्टी राजनीति में बहुत माहिर है, यह वह दिल्ली में मजबूत रहकर और पंजाब में सरकार बनाकर यह ठीक से साबित कर चुकी है। पार्टी कोई भी हो, राजनीति का अपना दायरा है, राजनीति में जांच एजेंसियों के इस्तेमाल के आरोप से अब बचना चाहिए। जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर अगर राजनीति मंडराने लगे, तो वर्तमान और भविष्य के राजनीतिक नतीजों के बारे में भी सोच लेना चाहिए। छापे पहले भी पड़े हैं, गलती नजर आए, तो पड़ने भी चाहिए, लेकिन छापों की विश्वसनीयता पर भी हर राजनीतिक पार्टी को सोचना चाहिए।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## एसी लोकल सेवाएं बढ़ने से दो लाख यात्रियों का सफर प्रभावित!

**मुंबई :** मुंबई के उपनगरीय रेल मार्ग पर सेवा में शामिल की गई एसी लोकल को भले ही धीरे-धीरे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है लेकिन इन एसी लोकल सेवाओं के चक्कर में उन यात्रियों की ऐसी-तैसी हो रही है, जो साधारण लोकल में सफर करते हैं। एसी लोकल सेवाओं के कारण एक तो साधारण लोकल में भीड़ बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर प्लेटफॉर्म पर भी यात्रियों को व्यस्ततम समय में खड़े रहने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में एसी लोकल सेवाएं बढ़ने से औसतन रोजाना दो लाख यात्रियों का सफर प्रभावित हो गया है, जो रोज अपने समय पर साधारण लोकल से सफर करते हैं।

# छात्रों के लिए बेस्ट ऐप पर सर्वश्रेष्ठ रियायत, स्मार्ट कार्ड भी

**मुंबई :** बेस्ट की बसों में १०वीं तक छात्रों के लिए रियायती पास की सुविधा प्रदान की जा रही है। हालांकि अब बेस्ट उपक्रम ने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए भी यह सुविधा शुरू करने का फैसला किया है। बेस्ट के इस फैसले से लाखों की संख्या में ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को लाभ मिलेगा। बेस्ट प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि इन छात्रों के लिए बेस्ट ऐप पर सर्वश्रेष्ठ रियायत मिलेगी ही, साथ ही निकटतम डिपो से इनके लिए स्मार्ट कार्ड भी जारी होगा। उल्लेखनीय है कि मनपा की ७५वीं वर्षगांठ के मौके पर गुरुवार की शाम में आयोजित कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे छात्रों को भी रियायत दिए जाने की हुई मांग



को बेस्ट प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। साथ ही शुक्रवार को बेस्ट प्रशासन ने कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए रियायती बस पास शुरू करने की घोषणा कर दी है। बेस्ट प्रशासन इस सेवा को २२ अगस्त से शुरू करने जा रहा है।

'बेस्ट अमृत महोत्सव और 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोहों के अवसर पर यह उन छात्रों के लिए एक उपहार होगा। इस सुविधा के तहत १२वीं तक के छात्र ६४९ रुपए मूल्य के १०० ट्रिप के मल्टी-पास का लाभ अब ३५० रुपए की रियायती दर में उठा सकते हैं। पास का तिमाही मूल्य १,०५० रुपए और अर्धवार्षिक पास १,७५० रुपए में उपलब्ध होगा। बेस्ट के अधिकारियों के मुताबिक ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई करने वाले छात्र ५०० रुपए प्रतिमाह, १,५०० रुपए प्रति तिमाही और २,५०० रुपए प्रति वर्ष की दर से पास का लाभ उठा सकते हैं। छात्र बेस्ट चलो ऐप पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या निकटतम बेस्ट बस डिपो द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। विकास की पुष्टि करते हुए बेस्ट के जीएम लोकेश चंद्र ने कहा कि छात्र इस योजना से लाभान्वित होंगे और सार्वजनिक बस परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

# मुंबई/ पुलिसकर्मी सहित 3 लोगों पर बलात्कार का मामला दर्ज

**मुंबई :** जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो सुरक्षा की उम्मीद करना नाइंसाफी होगी। एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें पुलिसवाले ने धौंस दिखाकर एक महिला की आबरू लूट ली। कैंसर से जूझ रहे पिता के इलाज के लिए वेश्या व्यवसाय करवानेवाली एक महिला का अपहरण कर बलात्कार करनेवाले मुंबई पुलिस के एक सिपाही सहित तीन लोगों के खिलाफ मीरा रोड पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक ३२ वर्षीय पीड़ित महिला को १९ तारीख को उसी के साथ रहनेवाली उसकी ही सहेली का फोन आया कि एक जगह धंधे पर जाना है। वहां पहुंचने पर पीड़िता के पास चार




लोग आए और अपने आपको पुलिस बताते हुए उसका मोबाइल छीनकर बगल की पुलिस चौकी पर ले गए। यह पुलिस चौकी एम एच बी पुलिस थाने के अंतर्गत आती है। बातचीत में पता चला कि उसमें से एक ही पुलिसवाला है जबकि तीन उसके मुखबिर हैं। कुछ देर बाद एक महिला पुलिस आई और उसे एम एच बी मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां उस पर मामला दर्ज करने की बात हो रही थी। उक्त तीनों लोगों ने बताया कि मामला दर्ज हो गया तो ५ लाख रुपए तक खर्च आएगा। पीड़िता ने कहा कि मुझे घर जाने दो, मैं अपना गहना बेचकर दे दूंगी। इस सौदे के बाद पीड़िता को रात डेढ़ बजे छोड़ा गया। थाने से छूटने के बाद जब वह ऑटोरिक्शा में बैठकर अपने घर जा रही थी, तभी एक पुलिसवाला अपनी सफेद रंग की गाड़ी लेकर आया और साथ नहीं चली तो केस बना दूंगा, ऐसी धमकी दी। डरकर पीड़िता उसकी गाड़ी में बैठ गई। वह उसे लेकर काशी मीरा इलाके में गया और उसके शरीर को बुरी तरह छूने लगा। फिर नायगांव ले गया और एक होटल में ले जाकर सुबह ५ बजे तक उसके साथ बलात्कार करता रहा और सुबह उसे काशीमीरा पुलिस थाने छोड़कर चला गया। पुलिस थाने में ही मुखबिरों ने पीड़िता के २,७१० रुपए भी निकाल लिए थे। अब मीरा रोड पुलिस, उक्त पुलिसकर्मी और उसके तीन साथियों के खिलाफ अपहरण, बलात्कार, रॉबरी और विनय भांग का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# नासिक में देसी पिस्तौल के साथ एक गिरफ्तार



**नासिक :** महाराष्ट्र में नासिक पुलिस ने शनिवार तड़के शालीमार क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से दो देसी पिस्तौल तथा जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भद्रकाली थाने के पुलिस नायक विशाल काठे को गोपनीय सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध देसी पिस्टल बेचने शालीमार आ रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस आयुक्त जयंत नाइकनवारे, उपायुक्त अमोल तांबे, सहायक आयुक्त दीपाली खन्ना, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दत्ता पवार, अपराध जांच दल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर मोहिते, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक किशोर खांडवी, अमलदार विशाल काठे, रमेश कोली के मार्गदर्शन में , संदीप शेलके, महेश कुमार बोरसे और अन्य पुलिस ने शालीमार क्षेत्र में जाल बिछाया। संदिग्ध व्यक्ति को शालीमार बस स्टॉप पर नेहरू गार्डन से शालीमार बस स्टॉप की ओर जाने वाली सड़क पर एक रिक्शा से उतर गया और किसी का इंतजार करने लगा।

पुलिस टीम ने तत्काल संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की, उसने बताया कि उसका नाम दीपक विष्णु सदाकाले ( 35 ) है। वह रेस. फ्लैट नंबर 4, चंद्रकमल हाउसिंग सोसाइटी, जेल रोड, नासिक का निवासी है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से करीब 60 हजार रुपये की दो देसी पिस्टल और 2 हजार रुपये की दो जिंदा कारतूस बरामद हुई। इस संबंध में सदकाले के खिलाफ भद्रकाली थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी सदाकाले को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 22 अगस्त तक के लिए



# मुंबई पुलिस के सामने पेश नहीं हुए रणवीर, फिर भेजा जाएगा समन



फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह ने कुछ दिन पहले एक मैगजीन के लिए फोटोशूट करवाया था। इस फोटोशूट में रणवीर सिंह न्यूड नजर आ रहे थे जो कुछ लोगों को बिल्कुल पसंद नही आया और रणवीर के खिलाफ कुछ जगहों पर एफआईआर दर्ज हो गई. बीते दिनों मुंबई पुलिस ने रणवीर सिंह को एक समन भेजा था और पुलिस स्टेशन में हाज़िर होने के लिए कहा था. हालांकि रणवीर सिंह कल यानी 20 अगस्त तो पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचे. अब इस मामले में नया अपडेट आया है. मुंबई पुलिस के मुताबिक रणवीर ने पेश होने के लिए दो हफ्ते का वक्त मांगा है. मुंबई पुलिस ने बयान जारी कर बताया है कि ''आपत्तीजनक फोटोशूट मामले में चेंबूर पुलिस स्टेशन ने रणवीर सिंह को समन भेजा था और कल यानी सोमवार को उन्हें पेश होने के लिए कहा था. हालांकि रणवीर सिंह ने पेश होने के लिए दो हफ्ते का वक्त मांगा है. अब इस मामले में तारीख तय कर के ताजा समन भेजा जाएगा.''

वैसे तो रणवीर सिंह हमेशा ही किसी ना किसी वजह से खबरों में छाए रहते है. लेकिन बीते दिनों रणवीर उस वक्त सबके बीच चर्चा का विषय बन गए थे जब उनका एक फोटो सामने आया था. उस फोटोसूट में रणवीर न्यूड थे और अलग-अलग पोज में उन्होंने फोटो क्लिक करवाए थे. काफी लोगों ने रणवीर के इस फोटोशूट पर पर आपत्ति जताई थी, हालांकि कई ऐसे भी थे जिन्होंने फोटोशूट की जमकर तारीफ की थी.

# नहीं मिल पा रही बाढ़ पीड़ितों को मदद और राहत- अजीत पवार



**मुंबई :** राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण लोग संकट में हैं। अब तक राज्य में १२४ लोगों की मौत हुई है, जबकि २४३ मवेशियों की जानें जा चुकी हैं। कई क्षेत्रों में बाढ़ के पानी से फसल और फल बागों को नुकसान पहुंचा है। लेकिन अपने में ही उलझी शिंदे-फडणवीस की 'ईडी' सरकार लोगों को मदद और राहत पहुंचाने में विफल साबित हो रही है। बाढ़ पीड़ितों को मदद पहुंचाने में सरकार के पसीने छूट रहे हैं। यह आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने राज्य सरकार की पोल खोली है।

अजीत पवार ने शिंदे- फडणवीस सरकार पर असंवेदनशीलता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पिछले ४५ दिनों में १३७ किसानों ने आत्महत्या की है। औसतन प्रतिदिन ३ किसान खुदकुशी कर रहे हैं। राज्य में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से लोग मुसीबतों में घिरे हैं। कई लोग बाढ़ में बह गए तो कई का घर-संसार बर्बाद हो गया है। फसलों और फलों के बागों को भारी नुकसान पहुंचा है। फसल के लिए प्रति हेक्टेयर ७५ हजार रुपए और बागों के लिए प्रति हेक्टेयर डेढ़ लाख रुपए मुआवजा देने की मांग उन्होंने की है। अजीत पवार के अनुसार निष्कर्षों में बदलाव करके बाढ़-पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की गई थी। इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और पूर्व मंत्री अशोक चव्हाण के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके अनुरोध किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आश्वासन देने के बाद भी अभी तक एनडीआरएफ के निष्कर्षों में बदलाव करने की मांग पर फैसला नहीं हो सका है। लोग संकट में हैं और पंचनामा भी सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। सरकार को तुरंत बाढ़ प्रभावितों के लिए मुआवजे की राशि घोषित करनी चाहिए।

# मुंबई/ जवान ने बचाई १७ वर्षीय नाबालिग की जान



**मुंबई :** मध्य रेलवे के चिंचपोकली स्टेशन पर शुक्रवार रात एक १७ वर्षीय नाबालिग लड़का सुसाइड करने के इरादे से लोकल के सामने 'मैं मर जाऊंगा' कहकर वृष्टद पड़ा। गनीमत यह रही कि जिस समय लोकल के आगे लड़का कुदा प्लेटफॉर्म पर आ रही लोकल के मोटरमैन ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए समय पर ट्रेन को रोक दिया। लोकल रुकने की सूचना मिलते ही उसी ट्रेन में सफर कर रहे एमएसएफ के जवान ने यात्री को लोकल के आगे से हटाकर उसकी जान बचा ली। पूछे जाने पर नाबालिग लड़के ने घर में पारिवारिक कलह की बात बताई। यह घटना शुक्रवार की सुबह ९ बजे के करीब हुई।

## महाराष्ट्र के 1,500 से अधिक गांवों के हर घर में पहुंचा नल का पानी



**नागपुर :** महाराष्ट्र के 1,513 गांवों के हर घर में पिछले कुछ सप्ताह में 'हर घर नल से जल' अभियान के तहत नल के जरिये पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जलापूर्ति एवं स्वच्छता विभाग 25 जुलाई और 12 अगस्त के बीच एक विशेष मुहिम के तहत राज्य के 1,553 गांवों में पहुंचा और वहां के सभी घरों में नल का पानी पहुंचाने में सफल रहा।

# राणा दंपति ने की आलोचना

## सत्ता में रहते हुए अजीत पवार मेलघाट क्यों नहीं गए?



**अमरावती :** राज्य में विपक्ष के नेता अजित पवार अमरावती के मेलघाट दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने मेलघाट में कुपोषण की समीक्षा की और वर्तमान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। पवार ने कल यह भी कहा था कि वह सत्र में कुपोषण का मुद्दा उठाएंगे। आज अमरावती के सांसद नवनीत राणा और विधायक रवि राणा ने अजित पवार की जमकर आलोचना की। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि जब अजित पवार सत्ता में थे तो मेलघाट क्यों नहीं गए। राणा दंपति ने सवाल उठाया कि क्या अजित पवार पहले सो चुके थे।

नवनीत राणा ने कहा, अब हम सत्र में अजीत पवार द्वारा कुपोषण का मुद्दा उठाने का इंतजार कर रहे हैं। मेलघाट में बच्चों को खराब आहार दिया जाता है उसकी सरकार ने जांच नहीं की। नवनीत राणा ने यह भी कहा कि मैंने लोकसभा में मेलघाट में कुपोषण का मुद्दा उठाया था।

महिला बाल विकास मंत्री राज्य के अमरावती जिले से थीं। इसी अमरावती जिले में कुपोषण से 50 बच्चों की मौत हो गई। तब क्या अजीत पवार सो रहे थे जब कुपोषितों को खराब गुणवत्ता वाला भोजन परोसा जा रहा था। राज्य के उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने मेलघाट का एक भी दौरा नहीं किया। यशोमती ठाकुर मंत्री थीं। अजीत पवार ने उस समय ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई की होती तो शायद 50 बच्चों की मौत को रोका जा सकता था। अब वे आदिवासियों का दौरा कर रहे हैं। राणा ने यह भी कहा कि उस समय उचित कार्रवाई की जानी चाहिए थी।

**पैसा खाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए**

नवनीत राणा ने कहा कि अजीत पवार खुद स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने कुपोषण कम नहीं किया है। मैंने कुपोषण का मुद्दा उठाया था। महाराष्ट्र में अजीत दादा सत्ता में थे। पालकमंत्री मंत्री अमरावती से थे। अजीत दादा ने तब जांच क्यों नहीं बैठाई। नवनीत राणा ने कहा कि पैसा खाने वाले मंत्रियों, पैसे खाने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## मुंबई के घाटकोपर में रेलवे पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान बनाया...



**मुंबई :** रेलवे पुलिस ने भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और अंतरराष्ट्रीय एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (जिसे अब वर्ल्ड एथलेटिक्स के नाम से जाना जाता है) की मदद से मुंबई के घाटकोपर में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान बनाया है। मुंबई रेलवे पुलिस आयुक्त कैसर खालिद ने बताया कि इसका उद्देश्य रेलवे पुलिस में कर्मियों को फिटनेस हासिल करने और इसे बनाए रखने का अवसर प्रदान करना है। वहीं, आम नागरिकों के बीच सदस्यता अभियान से जरूरी धन प्राप्त होगा। खालिद ने कहा, ''खेल मैदान का उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर घाटकोपर में हुआ था। यह 6,000 वर्ग मीटर में फैला है।

# बहुचर्चित शीना बोरा मर्डर केस में ड्राइवर श्यामवर राय को जमानत ...



मुंबई, देश के सबसे सनसनीखेज अपराधों में एक माने-जानेवाले बहुचर्चित शीना बोरा मर्डर केस में मुख्य आरोपी इंद्राणी के ड्राइवर श्यामवर राय को कल मुंबई उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी। श्यामवर राय ही वह शख्स है, जिसकी अवैध शस्त्र मामले में खार पुलिस द्वारा सात साल पहले गिरफ्तारी के बाद शीना बोरा की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया था। खार पुलिस से मामला सीबीआई को ट्रांसफर होने के बाद श्यामवर राय सीबीआई का गवाह बन गया था।

बता दें कि २४ वर्षीया शीना बोरा की हत्या २४ अप्रैल, २०१२ को हत्या कर दी गई थी। करीब दो साल बाद शीना बोरा हत्याकांड का खुलासा बेहद नाटकीय अंदाज में तब हुआ, जब श्यामवर राय की निशानदेही पर शीना का अधजला कंकाल २३ मई, २०१५ को पेण के जंगलों से बरामद किया गया था। शीना, इंद्राणी व उसके पहले पति की बेटी थी। श्यामवर राय ने पूछताछ में बताया था कि इंद्राणी मुखर्जी और उसके दूसरे पति संजीव खन्ना ने शीना को बांद्रा-पश्चिम स्थित लिंकिंग रोड से अगवा किया था तथा बाद में कार में उसका गला घोंट दिया था। हत्या के बाद उन लोगों ने लाश को पेण के गागोदे बुद्रुक अंतर्गत आनेवाले खिंडी गांव में आम के पेड़ के नीचे जला दिया था। इस मामले में खार पुलिस ने इंद्राणी, संजीव खन्ना व श्यामवर राय को आरोपी बनाया था। बाद में मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया। श्यामवर ने २०१५ में सीबीआई अदालत को लिखा कि वह 'शीना बोरा हत्याकांड के बारे में सच बताना चाहता है।' इसके बाद उसे २०१६ में विशेष सीबीआई अदालत द्वारा सरकारी गवाह घोषित किया गया। फिर अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में पेश किया गया। जस्टिस भारती डांगरे ने शनिवार को राय को सह-आरोपी संजीव खन्ना के समान जमानत शर्तों पर जमानत दे दी, जिसे इस साल जून में जमानत दी गई थी। शर्तों में एक लाख रुपए तक के पीआर बॉन्ड के साथ इतनी ही राशि के एक या दो जमानतदारों को प्रस्तुत करने के बाद जमानत पर रिहा करना, अन्य गवाहों को धमकी नहीं देना, सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करना, पासपोर्ट जमा करना आदि शामिल है।



# दीपक केसरकर ने आदित्य ठाकरे की तुलना हिटलर के सबसे भरोसेमंद मंत्री गोएबल्स से की...



**मुंबई :** आदित्य ठाकरे एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने वाले विधायकों बार-बार देशद्रोही करार दे रहे हैं। अब इसे लेकर शिंदे गुट के प्रवक्ता और महाराष्ट्र के स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने शनिवार को आदित्य पर हमला बोलते हुए उनकी तुलना जर्मन तानाशाह हिटलर के सबसे भरोसेमंद मंत्री डॉ जोसेफ गोएबल्स से कर दी। केसरकर ने कहा, आदित्य ठाकरे वर्तमान में वही कर रहे हैं जो हिटलर ने द्वितीय विश्व युद्ध में किया था। जब जर्मन तानाशाह हिटलर ने पूरी दुनिया को विश्व युद्ध के दलदल में धकेल दिया, गोएबल्स उनके साथ थे। गोएबल्स हिटलर के शासन में मंत्री भी थे। गोएबल्स की एक नीति थी, एक झूठ को सौ बार बोलो, लोग उस पर विश्वास करने लगते हैं। आदित्य ठाकरे आज वही काम महाराष्ट्र में कर रहे हैं। केसरकर ने आगे कहा, आदित्य ठाकरे महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर जा रहे हैं और लोगों के बीच झूठी जानकारी फैला रहे हैं। मैंने पहले कहा है कि मैं आदित्य ठाकरे का सम्मान करता हूं क्योंकि वह बालासाहेब ठाकरे के पोते हैं। लेकिन अगर गोएबल्स की नीति का सहारा लेते हैं तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह भूमि गोएबल्स की नीतियों को मंजूरी देने वाली भूमि नहीं है, यह भूमि छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि है।

स्कूली शिक्षा मंत्री ने कहा, बीजेपी 2017 के बीएमसी चुनावों के बाद अपना मेयर बना सकती थी लेकिन शिवसेना के लिए पद छोड़ दिया। भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) गठबंधन आगामी बीएमसी चुनावों में कुल 227 सीटों में से 150 से अधिक सीटें जीतेंगे। अब हमारा भाजपा के साथ स्थायी गठबंधन है और इसे हम अपने स्वार्थ के लिए नहीं तोड़ेंगे।

# बैंक अधिकारी के साथ 1.50 लाख रुपये की ठगी!

## 'इंस्टा' पर पहले दोस्ती, फिर क्रिप्टो में निवेश पर भारी रिटर्न का दिया झांसा, बैंक अफसर को यूं लगाया डेढ़ लाख का चूना

**मुंबई :** मुंबई में ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक बैंक अधिकारी के साथ 1.50 लाख रुपये की ठगी हुई है। शातिर ठग ने पहले अधिकारी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की, फिर क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर भारी रिटर्न का वादा किया था। पीड़ित का नाम राज कुधले (25) है। वह बीती 6 अगस्त को अपने एक कॉलेज के दोस्त की कहानी के बहकावे में आ गया, जिसने कहा था कि उसने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करके तत्काल लाभ कमाया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित कुधले को इंस्टाग्राम पर नताशा नाम की एक महिला का मैसेज आया। जिसमें महिला ने उसे प्ले स्टोर से 'बिनेंस' ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा। कुधले ने जैसे ही ऐप को डाउनलोड किया तो उसे ऐप के माध्यम से 50,000 रुपये के बिटकॉइन खरीदने के लिए कहा गया। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए आगे कहा कि उसने यह सब 7 अगस्त



को किया था और नताशा के निर्देशों के अनुसार, बिटकॉइन को वेबसाइट swiftlytrade24.com पर ट्रांसफर कर दिया था। फिर 11 अगस्त को कुधले के पास एक ट्रेडर ने स्क्रीनशॉट भेजा, जिसमें दावा किया गया था कि उसने ट्रेडिंग से 8 लाख रुपये कमाए हैं। जब ट्रेडर ने कुधले ने पूछा कि इस राशि को उसके बैंक खाते में कैसे ट्रांसफर किया जाए, तो ठग ने पीड़ित से अपने खाते में 75,000 रुपये का भुगतान करने के लिए कहा। जब कुधले ने कहा कि उसके पास इतना पैसा नहीं है, तो ठग ने उस समय जो भी राशि उसके पास थी, भेजने के लिए कहा। कुधले ने यूपीआई के जरिए 25,000 रुपये का भुगतान किया, लेकिन पीड़ित की 'कमाई' उनके खाते में क्रेडिट नहीं की गई। इसके बाद उसने अपने दोस्त को फोन किया और पूछा कि क्या उसे वास्तव में बिटकॉइन में निवेश करने से लाभ हुआ है, लेकिन जब उसके दोस्त ने बताया कि बीते कुछ वक्त से उसका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक था तो वह चौंक गया। इसके बाद कुधले को पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। इस बारे में पीड़ित ने अपने दूसरे दोस्त से पूछा, जिसने उसके जैसी क्रिप्टोकरेंसी की स्टोरी बताई। इसके बाद कुधले ने ठग को मैसेज कर अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन उन्होंने देने से मना कर दिया।

# डॉन दाऊद इब्राहिम का भाई इकबाल कासकर अस्पताल में भर्ती



**मुंबई :** पाकिस्तान के करांची से मुंबई अंडरवर्ल्ड का धंधा चला रहा डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को अब अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जी हजान खबर के अनुसार इकबाल कासकर को मुंबई के जे.जे. अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि इकबाल कासकर ने कल रात अचानक सीने में दर्द होने की शिकायत की थी।

जिसके बाद उसे उसे ठाणे के तलोजा जेल से मुंबई के जे.जे.अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बता दें कि, इकबाल कासकर फिरौती के मामले में फिलहाल न्यायिक हिरासत में है और वह ठाणे के तलोजा जेल में काट रहा है। बता दें कि हाल ही में NIA ने 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम और अन्य के खिलाफ FIR दर्ज किया था। दरअसल NIA ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धाराओं के तहत यह क्रिमिनल केस रजिस्टर किया था। गौरतलब है कि एऊदाऊद इब्राहिम के मुंबई में अवैध रूप से प्रॉपर्टीज की खरीद और हवाला में लेन-देन की भी कथित रूप से जांच कर रही है।

# PM के दौरे पर टिकी पंजाब हरियाणा की नजर,

## 24 को पहले फरीदाबाद फिर मोहाली आएंगे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 को दो बड़े प्रोजेक्टों का उद्घाटन करने के लिए आ रहे हैं। फरीदाबाद में 2400 बेड के अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोहाली कैंसर अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। यह दोनों अस्पताल पंजाब हरियाणा और आस-पास के क्षेत्रों की जीवनरेखा साबित होंगे। एनसीआर के अलावा हिमाचल और जम्मू तक के मरीजों को इन अस्पतालों का लाभ मिलेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री का जो टूर प्रोग्राम आएगा उसमें मंच पर शामिल होने वालों और आगे बैठने वाले नेताओं के नाम शामिल रहेंगे। फिलहाल हरियाणा के साथ पंजाब ने भी प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिकारियों की दिन रात इस कार्य में डयूटी लगा दी गई है।

सुरक्षा के अलावा रूट प्लान तक सारा कुछ गुप्त रखा गया है। खास बात यह है कि पंजाब सरकार इस बार अधिक मुस्तैद है। पीएम की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट आदेश हैं कि किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जो परेशानी चन्नी सरकार के कार्यकाल में हुई थी उसकी पुनरावृत्ति किसी कीमत पर न हो इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट आदेश हैं। हवाई से लेकर सड़क सुरक्षा तक के इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीमें लगातार दोनों राज्यों की पुलिस के साथ संपर्क में है।

# '50 खोके.. एकदम ओके' नारा विवाद में उद्धव ठाकरे की एंट्री...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की सरकार को लेकर शिवसेना का ठाकरे धड़ा लगातार हमलावर है. हाल में राज्य विधानसभा का सत्र शुरू हुआ है. इस दौरान सीएम शिंदे को देखकर ठाकरे गुट पर '50 खोके एकदम ओके' का नारा लगाने का आरोप है. विवाद में अब महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी एंट्री मारी है. उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारे यहां कार्यकर्ताओं की निष्ठा के खोके आ रहे हैं, इन खोकों के अंदर क्या है, इसे खोलकर देखना चाहिए. मातोश्री पर आए शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, ''जनता की भावना हमारे साथ है. जनता चुनाव की राह देख रही है कि कब चुनाव आएंगे और हम इन गद्दारों को सबक सिखाएंगे लेकिन चुनाव जल्दी कराने की हिम्मत उनमें है, ऐसा मुझे



लगता नहीं है. फिर कम से कम इसी बहाने जनता की भावना हमसे जुड़नी चाहिए.'' उद्धव ठाकरे ने कहा, ''इसीलिए फिर से मैं आपसे हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि आज आपने शुरूआत की है, ऐसा मैं मानता हूं. अगली बार जब आएंगे तब आप 5 के 15.. 15 के 20 और वो भी निष्ठा के खोके लेकर आएंगे, नहीं तो अंदर मीडियावाले है, वो कहेंगे कि यहां भी खोके आ रहें है. हां.. (खोके) आ रहें है.. लेकिन ये खोके किस बात के हैं, ये खोल कर देखिए.. इसमें शिवसैनिकों की निष्ठा है और इस निष्ठा को मैं आदर से स्वीकार करता हूं.'' दरअसल, आज महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों से शिवसैनिक मातोश्री आए थे और वे अपने साथ छह बॉक्स में निष्ठा शपथपत्र भरकर लाए थे, जिन्हें उन्होंने उद्धव ठाकरे को सौंपा.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया. संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016. मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा!